# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–30 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत सीएम युवा कॉन्क्लेव एंड एक्सपो दो हजार पचीस का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नये उद्यमी के तौर पर विकास का भागीदार बने करीब 68000 से अधिक युवाओं को प्रदेश सरकार ने दो हजार सात सौ इक्यावन करोड़ रुपये उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की खूबियां भी गिनाईं।

***एक ऐसी स्किम जो व्याज मुक्त है यानि व्याज गवर्नमेंट देगी। जो गारंटी मुक्त है यानी आपको गारंटी नहीं देनी है। आपके अभिभावक को नहीं देनी है। गारंटी भी राज्य सरकार देगी और इन सब के साथ–साथ जितनी आप पूंजी देंगे उसका दस फीसदी मार्जिंग मनी का भी लाभ राज्य सरकार आपको उपलब्ध करवायेगी।***

आयोजन के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर युवा के विजन को धरातल पर उतारा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब दो सौ लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पात्र लोगों को योजना के तहत आवास का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का मकान हो। उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति अधिकारियों को संवेदनशीलता दिखाने के लिए विशेष तौर पर निर्देश दिया।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौदह पंद्रह की तुलना में रेल दुर्घटनाओं में सतहत्तर प्रतिशत गिरावट आई है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वदेश विकसित स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली  कवच जैसी नई प्रौद्योगिकी लाकर यात्रियों और रेलवे की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है । एक अन्य सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने कहा कि केवल तीन वर्ष में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध हो गई है।

***जब शताब्दी और राजधानी इंट्रड्यूज हुई थी जितने समय में देश के सारे राज्यों को कवर किया गया अगर उस समय को कम्पेयर करें करीब–करीब दो दशक से अधिक समय लगा था। आज मान्यवर प्रधानमंत्री जी ने वंदेभारत जब इंट्रड्यूज की तीन साल के शॉर्ट टाइम फ्रेम में देश के सारे के सारे राज्यों को कवर किया। एक सौ 44 सर्विसिज आज वंदेभारत की चल रही हैं।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त के प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज एक वर्चुअल समीक्षा बैठक की गई। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां बारिश को ध्यान में रखते हुए की जाएं । वहीं, पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को सुरक्षा के मजबूत प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में वाराणसी के मंडलायुक्त और पुलिस आयुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

हमारे वाराणसी प्रतिनिधि के अनुसार अपने प्रस्तावित दौरे में प्रधानमंत्री वहां के आईटी कॉलेज परिसर में एक नई अत्याधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण का भी शिलान्यास करेंगे। बीस करोड़ की लागत से बनने वाली यह पहली नेट जीरो एनर्जी बिल्डिंग वाली लाइब्रेरी होगी। प्रधानमंत्री वाराणसी से ही देश भर के किसानों को किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त भी जारी करेंगे।

**********

आयकर विभाग ने आयकर विधेयक–दो हजार पचीस में कर दरों में किसी भी प्रकार के बदलाव से इनकार किया है। प्रस्तावित विधेयक पर स्पष्टीकरण देते हुए विभाग ने इसका उद्देश्य केवल भाषा को सरल बनाना तथा अनावश्यक और पुराने प्रावधानों को हटाना बताया है। नया विधेयक इस वर्ष फरवरी में बजट सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया गया था। यह विधेयक कानून बन जाने पर मौजूदा  आयकर अधिनियम–उन्नीस सौ इकसठ का स्थान लेगा।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में बीते तीन दिनों से बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर हल्की तो कुछ स्थानों पर भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। लगातार हो रही वर्षा के चलते एक ओर जहां जन–जीवन प्रभावित हुआ है वहीं, उमस भरी गर्मी से राहत भी मिली है। अधिकांश पूर्वी जिलों में आज सुबह से ही घने बादल छाये हुए हैं और बूंदाबांदी से लेकर हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**********